संख्या0स0–1/विविध–61/2021 (पार्ट–1)–1054(1)

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**मृणायक दास,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

द्वारा– आंतरिक वित्तीय सलाहकार।

पटना, दिनाक– 11 / 8 /2026

**विषयः– बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रशासनिक कार्यों के प्रयोजनार्थ उप कुलसचिव का 01 (एक) पद, सहायक कुलसचिव का 02 (दो) पद, उप परीक्षा नियंत्रक का 01 (एक) पद तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक का 02 (दो) पद अर्थात् कुल–06 (छः) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

राज्य में राज्य सरकार और/अथवा ट्रस्ट अथवा सोसाईटी द्वारा स्थापित सस्थान, जिसमें चिकित्सा की आधुनिक प्रणाली, दंत चिकित्सा, उपचर्या, विभिन्न पारा मेडिकल विधाएँ, यथा–चिकित्सा प्रयोगशाला तकनीक फिजियोथेरापी एवं आकुपेशनल थेरापी, स्पीच थेरापी, आयुर्वेदिक, यूनानी एवं होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति एवं अंतर्विभागीय क्षेत्रों, यथा–लोक स्वास्थ्य प्रबंधन, स्वास्थ्य अर्थशास्त्र आदि संचालित है, को स्वास्थ्य विज्ञान के अन्य प्रक्षेत्रो के पारंपरिक एवं नये क्षेत्रो में व्यवसायिक शिक्षा हेतु संबधन करने एवं इसे सुगम बनाने के उद्देश्य से बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को स्थापित किया गया है।

2– बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रशासनिक कार्यों को क्रियाशील करने के प्रयोजनार्थ विभागीय स्वीकृत्यादेश स0–97(1), दिनांक–28 02 2022 द्वारा कुल–32 पद एव स्वीकृत्यादेश सं0–650(1), दिनांक–26.09.2024 द्वारा कुल–60 पद अर्थात् कुल–92 पदों का सृजन किया जा चुका है।

3– पुनः बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रशासनिक कार्यों के प्रयोजनार्थ उप कुलसचिव का 01 (एक) पद, सहायक कुलसचिव का 02 (दो) पद, उप परीक्षा नियंत्रक का 01 (एक) पद तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक का 02 (दो) पद अर्थात् कुल–06 (छः) पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4– उक्त पदों के सृजन पर कुल रु0 41,73,600/– (रुपये एकतालिस लाख तिहतर हजार छः सौ) + अन्य अनुमान्य भत्ते मात्र वार्षिक व्यय अनुमानित है। तत्संबंधी वार्षिक व्यय विवरणी अनुलग्नक–I के रूप में संलग्न है।

5– उक्त सृजित किये जाने वाले इन पदो पर होने वाले व्यय का वहन स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत मॉग संख्या–20, मुख्य शीर्ष–2202– सामान्य शिक्षा–03–विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा–102–विश्वविद्यालयो को सहायता–0029–बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, विपत्र कोड– 20–2202031020029 के अतर्गत विषय शीर्ष कोड 0029–31–04 सहायक अनुदान–वेतन में उपबंधित राशि से किया जायेगा।

क्रमशः

6– प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक–05.08.2026 की बैठक में मद सं0–13 द्वारा स्वीकृति प्राप्त है।

7– राज्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

10/08/2026

(मृणायक दास)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–1/विविध–61/2021 (पार्ट–1)–1054(1) /स्वा0, पटना, दिनाक– 11/ 8 /2026

**प्रतिलिपिः**– वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– विशेष सचिव, मत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–05.08.2026 के मद सख्या–13 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– कुलपति, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, ज्ञान परिसर, मीठापुर, पटना–800001/कुलसचिव, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, ज्ञान परिसर, मीठापुर, पटना–800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी प्राचार्य/अधीक्षक, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, बिहार/सभी सिविल सर्जन, बिहार को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– माननीय मत्री, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव (प्रभारी प्रशाखा–1), स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख (चि0शि0), स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/08/2026

सरकार के अपर सचिव

अनुलग्नक–I

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों के प्रयोजनार्थ उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, उप परीक्षा नियंत्रक तथा सहायक परीक्षा नियंत्रक के पदों के सृजन पर होने वाला अनुमानित वार्षिक व्यय विवरणी।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | प्रविष्टि वेतन | लेवल | पूर्व से स्वीकृत पदों की संख्या | नए सृजित किये जाने वाले पदों की संख्या | वार्षिक वेतन | अन्य भत्ते | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | उप कुलसचिव | 67700 | 11 | 0 | 1 | 812400 | नियमानुकूल अन्य भत्ते देय होंगे। | |
| 2 | सहायक कुलसचिव | 53100 | 9 | 0 | 2 | 1274400 | | |
| 3 | उप परीक्षा नियंत्रक | 67700 | 11 | 1 | 1 | 812400 | | |
| 4 | सहायक परीक्षा नियंत्रक | 53100 | 9 | 1 | 2 | 1274400 | | |
| योग– | | | | **2** | **6** | **4173600** | | |

(रुपये एकतालिस लाख तिहतर हजार छ. सौ) + अन्य देय भत्ते मात्र

1054(1)
11-8-26

10/8/2026

अपर सचिव